कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 25.02.2020

छात्राओं ने "टिंकरिक लैब" का भ्रमण किया
थ्रीडी प्रिंटर और उपकरणों का प्रशिक्षण लिया

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ज्ञान–विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के कौशल विकास केन्द्र के तत्वाधान में छात्राओं ने धमतरी के आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्याालय स्थित अटल टिंकरिक लैब का भ्रमण किया।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. बबीता दुबे ने बताया कि छात्राओं ने वहाँ थ्रीडी प्रिंटर के साथ ही विभिन्न उपकरणों की कार्यप्रणाली सीखी।

लैब प्रभारी विजय लक्ष्मी सिंह द्वारा जानकारी दी गयी कि थ्रीडी प्रिंटर मशीन की कौशल विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका है। विभिन्न उत्पादों की डिजाईन तथा आकृति निर्माण में इसका उपयोग किया जा रहा है।

इस अवसर पर शाला की गृहविज्ञान की छात्राओं को डॉ. बबीता दुबे ने विषय के महत्व एवं रोजगार के क्षेत्र में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होनें पोषक आहार एवं एनीमिया से बचने के उपाय बताए।

शाला के प्राचार्य बी.मैथ्यू एवं प्रभारी डॉ. विजय लक्ष्मी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

महाविद्यालय द्वारा ज्ञान–विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालय, शालाओं एवं कौशल विकास केन्द्रों का भ्रमण छात्राओं को कराया जाता है जिससे वे आधुनिकतम उपकरणों तथा जानकारियों स अपटेड हो सके।

ज्ञान–विस्तार के अंतर्गत महाविद्यालय के विषय–विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा स्कूल में जाकर छात्राओं को विभिन्न जानकारियाँ देते है वहीं विभिन्न संस्थाओं के शिक्षकों के महाविद्यालय में सेमीनार आयोजित किए जाते है।

छात्रसंघ अध्यक्ष कु. अनिंदिता विश्वास ने बताया कि टिकरिक लैब में हमें बहुत से उपकरणों से परिचित होने का अवसर मिला वहीं रोबोटिक प्रणाली तथा कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग के जरिए वस्तुओं के निर्माण की भी जानकारी मिली।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)